बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

(पंजीयन-633/2003)

Truth will Triumph

अध्यक्ष (के० एम० शर्मा)

[redacted]

([redacted])

महासचिव

विपिन कुमार सिन्हा

(बी. के. सिन्हा)

दूरभाष

अध्यक्ष : 2221706 (O) 2590816 (R)

महासचिव : 2286093 (R)

उपाध्यक्ष : (श्री शर्मा) 2353207 (R)

कोषाध्यक्ष : 2262597 (R)

उपाध्यक्ष

कृष्ण मुरारी शर्मा

अर्जुन प्रसाद

संयुक्त सचिव

सहादत हसन मन्टू

रजनीश कुमार सिंह

कोषाध्यक्ष

महेश प्रसाद गुप्ता

पत्र संख्या 27 दिनांक 28-10-05

सेवा में,

सचिव,
कार्मिक एवं प्र०सु० विभाग,
बिहार, पटना ।

विषय :- सचिवालय के अवर सचिव/ उप सचिव/ संयुक्त सचिव एवं उच्चतर पदों पर पदस्थापन के संबंध में मार्ग-निदेश निर्गत करने के संबंध में ।

महाशय,

यह विदित है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा, बिहार प्रशासनिक सेवा एवं राज्य के अन्य सेवाओं के पदाधिकारियों को सचिवालय में पदस्थापित करने हेतु मार्ग-दर्शन सिद्धान्त सरकार द्वारा निर्गत है और विभिन्न सेवाओं के पदाधिकारियों को सचिवालय में विभिन्न पदों पर पदस्थापित करने हेतु पद चिन्हित किये गये हैं ।

आप सहमत होंगे कि जल संसाधन विभाग सहित अन्य तकनिकी विभागों में 6500-10,500/-रूपये के वेतनमान के पदाधिकारी अवर सचिव, 10,000-15,200/-रूपये के वेतनमान के पदाधिकारी उप सचिव एवं 12,000-16,500/-रूपये के वेतनमान के पदाधिकारी संयुक्त सचिव के पद पर बिना कार्मिक एवं प्र०सु० विभाग की अनुमति के पदस्थापित किये गये हैं, जो बिलकुल ही अनियमित है ।

इधर कुछ दिनों पहले बिहार प्रशासनिक सेवा के चिन्हित पदों पर अन्य सेवाओं के पदाधिकारियों को पदस्थापित किया जा रहा है । उदाहरणस्वरूप भारतीय वन सेवा के एक पदाधिकारी को संयुक्त सचिव के पद पर आपदा प्रबंधन विभाग में पदस्थापित किया गया है । आप सहमत होंगे कि संयुक्त सचिव का पद गैर-संवर्गीय नहीं है । यह संवर्गीय पद है और संवर्गीय पदों पर जिस संवर्ग के लिए पद चिन्हित हैं, उसी संवर्ग के पदाधिकारी का पदस्थापन किया जाना

2/-...

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना-1

(पंजीयन-633/2003)

Truth will Triumph

अध्यक्ष
[illegible]
([illegible])

महासचिव
विपिन कुमार सिन्हा
(बी. के. सिन्हा)

दूरभाष
अध्यक्ष : 2221706 (O) 2590816 (R)
महासचिव : 2286093 (R)
उपाध्यक्ष : (श्री शर्मा) 2353207 (R)
कोषाध्यक्ष : 2262597 (R)

उपाध्यक्ष
कृष्ण मुरारी शर्मा
अर्जुन प्रसाद
संयुक्त सचिव
सहादत हसन मन्टू
रजनीश कुमार सिंह
कोषाध्यक्ष
महेश प्रसाद गुप्ता

पत्र संख्या

दिनांक

जाना नियमसंगत है । परन्तु इन बातों को ध्यान में न रख कर संघ के विरोध के बावजूद भारतीय वन सेवा के पदाधिकारी को संयुक्त सचिव के पद पर पदस्थापित कर दिया गया ।

अतः संघ यह माँग करती है कि :-

§1§ अवर सचिव/उप सचिव/ संयुक्त सचिव जैसे पदों पर बिना कार्मिक एवं प्र0सु0 विभाग की अनुमति के कोई भी विभाग अपने स्तर से पदस्थापन नहीं करे ।

§2§ संवर्गीय चिन्हित पदों पर केवल संवर्गीय पदाधिकारियों को ही पदस्थापित किया जाय और अगर संवर्ग के अतिरिक्त कोई पदाधिकारी पदस्थापित हों तो उन्हें तुरन्त हटाया जाय । संघ यह अपेक्षा करती है कि इन बातों की सम्यक समीक्षा विभाग द्वारा शीघ्र करते हुए त्वरित कार्रवाई की जायगी ।

विश्वासभाजन,

28/10/05

§ कृष्ण मुरारी शर्मा §
अध्यक्ष ।

28/10/05

§ विपिन कुमार सिन्हा §
महासचिव ।